आदित्यपुर-गम्हरिया-चांडिल

आदरडीह गांव में हर साल श्रमदान से रास्ता दुरुस्त करते हैं ग्रामीण; बारिश में बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों की बढ़ीं मुश्किलें

दो साल पहले शिलान्यास, अब तक अधूरी सड़क; कीचड़ में फंस रहे वाहन

भास्कर न्यूज़ | चांडिल

कुकड़ू प्रखंड की ईचाडीह पंचायत के चौबेरा आदरडीह गांव में करीब दो साल पहले शिलान्यास के बाद भी पीसीसी पथ का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। रांची संसदीय क्षेत्र के सांसद सह केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अरण घोषर के पास से दिगंबर महतो के घर तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया था। निर्माण अधूरा रहने से बारिश के मौसम में ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। सड़क पर पानी और कीचड़ जमा होने से वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। कई बार गाड़ियां कीचड़ में फंस जाती हैं। इसके बाद ग्रामीण ट्रैक्टर की मदद से वाहनों को बाहर निकालते हैं। गांव से अस्पताल, प्रखंड मुख्यालय और बाजार जाने के लिए भी इसी रास्ते का इस्तेमाल होता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की समस्या के कारण जरूरी सेवाओं तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। हर साल ग्रामीण श्रमदान से मिट्टी, पत्थर और अन्य सामग्री डालकर रास्ते को आवागमन लायक बनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन बारिश में सड़क फिर खराब हो जाती है।

शिलान्यास के बाद भी काम अधूरा : ग्रामीणों के अनुसार, 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले पीसीसी पथ का शिलान्यास हुआ था। तब उम्मीद थी कि जल्द सड़क निर्माण पूरा हो जाएगा। लेकिन करीब दो साल बीतने के बाद भी काम अधूरा है। बारिश होते ही सड़क पर पानी और कीचड़ जमा हो जाता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

हर साल श्रमदान, फिर बारिश में वही हाल : सड़क की बदहाली को देखते हुए ग्रामीण हर साल श्रमदान करते हैं। मिट्टी, पत्थर और अन्य सामग्री डालकर रास्ते को किसी तरह चलने लायक बनाया जाता है। हालांकि लगातार बारिश के कारण सड़क दोबारा खराब हो जाती है।

अस्पताल और बाजार जाने में भी परेशानी : ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क अस्पताल, स्कूल और बाजार जैसी जरूरी सेवाओं तक पहुंचने का मुख्य मार्ग है। सड़क खराब होने से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। बारिश में चारपहिया वाहनों का चलना लगभग असंभव हो जाता है।

बांगुड़दा पुलिया पर ट्रक दुर्घटना ग्रस्त, पांच घंटे रहा सड़क जाम

भास्कर न्यूज़ | पटमदा

कमलपुर थाना क्षेत्र के बांगुड़दा पुलिया में मंगलवार देर रात अनियंत्रित खाली ट्रक रेलिंग से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बरागप-बांदोवान मुख्य सड़क करीब पांच घंटे जाम रही। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक पुरुलिया से जमशेदपुर जा रहा था। चालक ने पुलिया को बताया कि ट्रक हटाने के बाद करीब साढ़े सात बजे आवागमन सामान्य हुआ।

नहीं आई, जबकि पुलिया की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी अशोक कुमार और अवर निरीक्षक पुरुषोत्तम कुमार राय मौके पर पहुंचे। बड़ोखुर समूह करीब सात बजे जमशेदपुर से क्रेन मंगाई गई। ट्रक को हटाने के बाद करीब साढ़े सात बजे आवागमन सामान्य हुआ।

गोबरघुसी स्कूल में कानून और अधिकारों की जानकारी दी

पटमदा | जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर उत्कलित उच्च विद्यालय पंचकुसुमी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ। छात्र-छात्राओं को युवाओं की भूमिका, अधिकार और चुनौतियों की जानकारी दी गई। बाल अधिकार, बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल हिंसा और नशे के दुष्प्रभाव पर भी बताया गया। टालसा के विधिक सहायता केंद्र, निःशुल्क कानूनी सलाह और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

ईचागढ़ के सोड़ो गांव में सुवर्णरेखा नदी के किनारे सरकारी जमीन पर छिपाकर रखा गया था बालू

गूगल अर्थ से मिला 3.50 लाख सीएफटी अवैध बालू का सुराग, खनन विभाग ने किया जब्त

बिरी रिपोर्टर | जमशेदपुर

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के ईचागढ़ थाना अंतर्गत सोड़ो गांव के डुंगरी टोला में सुवर्णरेखा नदी के किनारे छिपाकर रखे गए 3.50 लाख सीएफटी अवैध बालू का खनन विभाग ने भंडाफोड़ किया है। नदी तट से महज 150 से 200 फीट की दूरी पर सरकारी जमीन पर ढंप किए गए बालू का सुराग गूगल अर्थ की सेटेलाइट तस्वीरों से मिला। मुख्य सड़क से स्टॉक यार्ड तक पहुंचने का रास्ता नहीं था। वहां छोटे नाले और घुटने भर कीचड़ से होकर जाना पड़ता था। डीएमओ जेएस सरयमी ने गूगल अर्थ पर जारीडीह और सोड़ो इलाके की तस्वीरों की जांच के दौरान बालू का विशाल टीला देखा। लोकेशन की पुष्टि के बाद डीसी नीतिश कुमार सिंह को जानकारी दी गई। उनके निर्देश पर डीएमओ के नेतृत्व में खान निरीक्षक और खनिज बलों की टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरा बालू जब्त कर लिया। वैधानिक प्रक्रिया के तहत जब्त बालू इचागढ़ थाना को जिम्मेदारी में सौंपा गया है।

नाले और कीचड़ के बीच छिपा था स्टॉक यार्ड

प्रशासन को काफी समय से इचागढ़ क्षेत्र में सुवर्णरेखा नदी से अवैध बालू उठाव और तस्करी की सूचना मिल रही थी। स्टॉक यार्ड मुख्य मार्ग से पूरी तरह कटा हुआ था। खनन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर 3.50 लाख सीएफटी बालू जब्त किया। विभाग के अनुसार, बालू सरकारी जमीन पर अवैध रूप से डंप किया गया था।

आज से शुरू होगी नीलामी, 60 लाख राजस्व का अनुमान : डीएमओ जेएस सरयमी के अनुसार, मौके पर कोई दावेदार सामने नहीं आया। इसलिए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जब्त बालू की नीलामी गुरुवार से शुरू होगी। इससे सरकारी खजाने को कम से कम 60 लाख रुपए राजस्व मिलने की उम्मीद है। **- जेएस सरयमी**, डीएमओ, सरायकेला-खरसावां

माफियाओं ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बालू डंप किया था। कोई व्यक्ति मौके पर दावेदार के रूप में सामने नहीं आया। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जब्त बालू की नीलामी गुरुवार से शुरू होगी। इससे सरकारी खजाने को कम से कम 60 लाख रुपए राजस्व मिलने की उम्मीद है।

ईचागढ़, चौका और कपाली में पहले भी कार्रवाई : अवैध खनन और बालू भंडारण के खिलाफ ईचागढ़, चौका और कपाली थाना क्षेत्रों में पहले भी कार्रवाई हो चुकी है। खनन विभाग और चांडिल प्रशासन ने लगभग 5 लाख सीएफटी बालू के साथ कई अवैध बांग्ला भट्ठा ईंट भट्ठों को भी ध्वस्त किया है।

15 को आदित्यपुर में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

आदित्यपुर | झामुमो के युवा प्रकोष्ठ झामुमो के जिला उपाध्यक्ष अभय झा के नेतृत्व में 15 अगस्त को आदित्यपुर-02 के मार्ग संख्या 07 स्थित बेर कुंजर सिंह मैदान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगेगा। तिनेजम आई अस्पताल के सहयोग से शिविर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। जनरल फिजिशियन डॉ. बिभिन भी सेवा देंगे। नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चश्मा, शुल्क जांच समेत अन्य परीक्षण निःशुल्क होंगे। अभय झा अपना जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाते हैं। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि केक काटने के बाद जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी और भोग भी वितरित किया जाएगा।

बांग्ला अकादमी गठन की मांग

पोटका | मातांजी आश्रम हाता में पत्रकार सम्मेलन कर झारखंड बंगभाषी उत्थान समिति की पोटका शाखा ने छह विधायकों का आभार जताया। इनमें अरुण चटर्जी, समीर कुमार मोहंती, रामदास सोरेन, उमाकांत रजक, उमाशंकर सिंह और प्रदीप यादव शामिल हैं। समिति ने बताया कि विधायकों ने विधानसभा के मानसून सत्र में बांग्ला अकादमी गठन, स्कूलों में बांग्ला पढ़ाई शुरू करने और विश्वविद्यालयों के बांग्ला विभाग बंद करने का निर्देश वापस लेने की मांग उठाई।

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा
जिला बाल संरक्षण इकाई
E-Mail - dcpswestsinghbhum@gmail.com

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बालक अवारा महतो, उम्र– 14 वर्ष, पिता– सावरा, टोला– 165 CM, पदचान चिन्ह– दायें हाथ में तिलक का निशान, ग्राम– 45 किलोग्राम है। उक्त बालक के जैविक माता-पिता अथवा विधिक संरक्षण यदि प्राप्त हो तो निम्नित की तिथि से 10 दिनों के अन्दर कृपया बाल कल्याण समिति, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के कार्यालय समाजालाय, 3-R, तीसरा तल्ला, चाईबासा एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईबासा के कार्यालय समाहरणालय का तीसरा तल्ला पर अपना दावा प्रस्तुत करें। दावा प्रस्तुत करने के लिए दिए गए समय सीमा के समाप्ति के पश्चात बालक का किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दावा प्रस्तुत हेतु बाल कल्याण समिति द्वारा कानूनी रूप से मुक्त कर दिया जाएगा।

उक्त बालक के बारे में या इसके माता-पिता/अभिभावक के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो इसकी सूचना निम्न फोन पर भेज सकते है :–

सूचनाँ सूत्र :–
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा – 9099700489
बाल कल्याण समिति, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा – 8637825412
प्रकाशन कार्यालय :–
जिला बाल संरक्षण इकाई का कार्यालय,
(समाजिक सुरक्षा कोषांग) पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

निदेशक
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

PR 387298 West Singhbhum (26-27)_D

रंभा कॉलेज में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित

भास्कर न्यूज़ | पोटका

रंभा कॉलेज, रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन और रंभा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस मनाया गया। डॉ. एसआर रंगनाथन की 134वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी और अरविंद घोष के शैक्षणिक विचारों व व्यक्तित्व पर वक्तव्य दिए। प्रतियोगिता में क्रिया द्वारा प्रथम, सुनील सरदार द्वितीय, राकेश लागुरी तृतीय और सलोनी सरदार चतुर्थ रहे। निर्णायक डॉ. सुमन लता और डॉ. किरण पांडे थीं। प्राचार्य डॉ. कल्याणी कबीर और डॉ. किरण ने पुस्तक को छात्र जीवन का सच्चा साथी बताया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बीकेएमएस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह

भास्कर न्यूज़ | गम्हरिया

भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ की जिला कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह बुधवार को बीकेएम कार्यालय में हुआ। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजय गोराई समेत अन्य पदाधिकारियों का अंगवस्त्र और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। संजय गोराई ने कहा कि संगठन की जिम्मेदारी सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। मजदूरों के हक, अधिकार, सम्मान और सुरक्षा के लिए लगातार आवाज उठाई जाएगी। जिले के मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक और संगठित तरीके से प्रयास होगा। उन्होंने पदाधिकारियों से एकता और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। सभी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।

खटिक समाज के जिलाध्यक्ष बने प्रकाश सोनकर

पोटका | हल्दीपोखर कुम्हारपाड़ा में अखिल भारतीय खटिक समाज का एक दिवसीय सम्मेलन प्रकाश सोनकर की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जगेश्वर खटिक और विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव रमेश सोनकर मौजूद रहे। सम्मेलन में समाज का पुनर्गठन किया गया। प्रकाश सोनकर को जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम जिले का अध्यक्ष, सविता खटिक को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष और निखिल सोनकर को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बनाया गया।

वूसिल विस्थापितों के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मिले संजीव सरदार

जमशेदपुर | वूसिल की तुरमडीह, नरवा, जादूमोड़ा, बांदूडूंगर और बागजामदा खदानों से प्रभावित विस्थापित परिवारों के लंबित दावों को लेकर पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में मुलाकात की। उनके साथ घाटशिला विधायक सोमेश सोरेन और बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती भी मौजूद रहे। बैठक में विधायकों ने मांग की कि सरकार केंद्र के समक्ष यह विषय उठाकर विस्थापितों को रोजगार और अन्य अधिकार दिलाने की पहल करे। विधायक ने बताया कि परियोजनाओं के लिए जमीन देने वाले कई परिवारों को अब तक नौकरी नहीं मिली। सेवा के दौरान मृत कर्मचारियों के आश्रितों तथा सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवार भी रोजगार की प्रतीक्षा में हैं। पुनर्वास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और महत्वपूर्ण सुविधाओं के मुद्दे भी रखे गए।

विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री को किया आमंत्रित

जमशेदपुर | पोटका विधायक संजीव सरदार ने रांची में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात की। विधायक ने पोटका विधानसभा क्षेत्र में डुमरिया, पोटका सीएचसी समेत अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के उद्घाटन के लिए मंत्री को आमंत्रित किया। संजीव सरदार ने कहा कि डुमरिया समेत पूरे पोटका क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
...भरोसे का प्रतीक! ...the name you can BANK upon!

एआरएमबी-रांची (पता- एस एन गांगुली रोड, शांतेश्वाम लेन, रांची-834001 फोन: 7300705205, ईमेल-cs6794@pnb.bank.in)

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उपकरार्ता(यों) और जमानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति को, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक/प्रभारित किया गया है, जिसका एक्सप्लनाम/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार द्वारा ले लिया गया है, संबंधित उपकरार्ता(ओं) और जमानतदार (रों) से बैंक/सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेखित विधि को **"जहाँ है"**, **"जैसा भी है"** और **"जो कुछ भी है"** के आधार पर बेची जाएगी आरक्षित मूल्य और आवरण जमा राशि संबंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिए गए तालिका में उल्लेखित है।

सूरक्षित संपत्तियों की अनुसूची

क्रमांक सं.	शाखा का नाम / उपकरार्ता/जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता	बंधक/स्वामी के नाम के अचल संपत्तियों का विवरण (बंधकर्ता की संपत्ति (यों))	A) सांकेतिक धारा 2002 के 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि B) बकाया राशि	C) आरक्षित मूल्य D) इएमडी	E- निलामी की तिथि एवं समय	प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार प्रभार का विवरण
1.	**रोपनवी- जमशेदपुर, जमशेदपुर (06320)** **मेसर्स ईगल हॉस्प्रा एक्सप्रेसवर्स** निवासी क्वार्टर नं 16/2/1 रोड नं. 1 बागबेरा कॉलोनी, जमशेदपुर 831002 श्री मनीष कुमार पिता श्री सुरेश प्रसाद शर्मा, निवासी के2/24, रोड नं. 11, टाटानगर कॉलोनी, जमशेदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम 831004 श्री संतोष कुमार सिंह पिता श्री राम गिहोरी सिंह, निवासी बागबेरा गया बस्ती, सिद्धू-कानू मैदान के पास, जमशेदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम 831002 श्री संतोष कुमार पांडे निवासी- क्वा. नं. 16/2/1 रोड नंबर 1 बागबेरा कॉलोनी, जमशेदपुर 831002.	मेसर्स ईगल हॉस्प्रा एक्सप्रेसवर्स के नाम पर किसी सिलेज सं 3317/3663 दिनांक 09.08.2016 के अनुसार 1085 वर्ग फुट (सुपर बिल्ट अप) नाप वाले सभी अचलीय फ्लैट: निवर्त विभिन्न के भौतर इसी मंजिल में फ्लैट नंबर ई –4 शामिल है, जिसे उक्त **"संपत्ति अचलीय"** के रूप में जाना जाता है, जो खेड़ नंबर 12, जयडूडनगर, मानगो, जमशेदपुर में स्थित है, जिसमें परिसर के पार्किंग एरिया में एक साथ पार्किंग वाहन पार्किंग की जगह भी शामिल है, साथ में 150 वर्ग फुट इरिया के गाय वाली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा पूरमे फ्लैट नंबर 192 का हिस्सा है, जो पुराने खाता नंबर 39 के तहत दर्ज है, नए फ्लैट नंबर 987/ए, बी, सी के हिस्से के अनुसार है, जो नए खाता नंबर 798 के तहत दर्ज है, मौजा पारडीह, वी.एस. मानगो, थाना संख्या 1641 के एमएलसी वार्ड नं. 8 में, जिला सब-रजिस्ट्री कार्यालय और शहर जमशेदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम, इसके सभी फायदे, सुख-सुविधाएं, विशेषाधिकार, सुख-सुविधाएं, लोक और निजता, उपयोगिताएं, सेवाएं और लिफ्ट आदि के साथ। संपत्ति की चौहद्दी इस प्रकार है उत्तर: खुला आकाश स्थान, दक्षिण: फ्लैट संख्या ई–3, पूरब: खुला आकाश स्थान, पश्चिम: कामन्स मार्ग।	A) 01.10.2021 B) **Rs. 58,95,317.00+** further interest C) 23.06.2025 D) **संबंधित**	A) Rs. 21,93,000.00 B) Rs. 2,19,300.00 C) Rs. 50,000.00 D) PUNB0170420207	24.08.2026 From: 11:00 AM to 04:00 PM	किसी ज्ञात भार का पता बैंक को ज्ञात नहीं

नियम और शर्तें:-

किसी प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियमों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा:

1. संपत्तियों को **"जहाँ है जैसा है"**, **"जो है जैसा है एवं बिना अवलम्बा के है"** के आधार पर बेची जा रही है।
2. अचल अचीन अवरन जमा राशि (ईएमडी) ही स्वरा मेसर्स नीलामी प्लाटाल प्राइवेट लिमिटेड (http://pnbanknet.com) पोर्टल के ई–नीलेट में सीधे जमा की जाएगी या फिर पोर्टल पर चालान बनाकर, उस चालान में दिए गए खाते के विवरण के अनुसार आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी **दिनांक 23.08.2026 को 16:00 बजे** या उससे पहले जमा करना अनिवार्य है।
3. पूर्णराशि अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विक्रय को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, किन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
4. बिक्री वेबसाइट : **https://www.baanknet.com** पर **दिनांक 24.08.2026 को प्रातः 11.00 बजे** ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।
5. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया: **https://www.baanknet.com, www.pnbindia.in** देखें।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के अंतर्गत वैधानिक बिक्री सूचना।

दिनांक: 06.08.2026
स्थान: जमशेदपुर

नोट: विवरण की सिलेंगे सावधान ध्यान होगा।

ह.:- प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक, प्रत्याभूति शाखा

नगर निगम चंडीगढ़
आरफपी सूचना

क्र. सं.	कार्य का नाम	बोली जमा प्रतिभूति (ईएमडी)-1	तकनीकी बोली (ईएमडी)-2 का मूल्यांक
जीएसी अभियंता- उपायुक्त सिविल			
1.	कार्यालय- निजी कार्यालयों (बोर्डों) सहित सार्वजनिक शौचालय ब्लॉक-सेक्टर परिसीमन के लिए निजी कर्मचारी/कर्मचारी उपलब्ध कराने हेतु आउटसोर्स। अनुमानित राशि: बोर्डों द्वारा सीट जिला प्रशासन। ईएमडी = 5.00% उपलब्ध(ईएमडी/पात्रोत्तम तो ही नहीं है। लागत शुल्क : 15,000/-	13.08.2026 प्रातः 9:00 बजे से 21.08.2026 प्रातः 1:00 बजे तक	21.08.2026 प्रातः 1:30 बजे

नोट :- 1) निविदा सूचना और विस्तृत नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.chandigarh.gov.in पर etenders.chd.nic.in पर उपलब्ध/अपलोड की गई हैं।

कार्यकारी अभियंता
एसडब्लूएम डिवीजन, कमरा संख्या 612, छठी मंजिल, नू डीलक्स बिल्डिंग, एससी सेक्टर-17, चंडीगढ़
ईमेल आईडी: succ.swm2020@gmail.com

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर

मुमताजा गहिला पत्नी सिंह उम्र–23 वर्ष।

लापता: आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित करना है कि आवेदक सह पति शंभु सिंह के द्वारा अपनी पत्नी **पत्नी सिंह उम्र–23 वर्ष की मुमताजा** के संबंध में संबंधित थाना एफआईआर/एन0 में लिखित आवेदन दिये हैं। आवेदन में इनके द्वारा बताया गया कि **मुमताजा पत्नी सिंह उम्र–23 वर्ष, पति–शंभु सिंह, साo–मदनबेड़ा, पोo–हिराबुरुडी, थाना–एण्डाजीएमए, जिला–पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर** जो दिनांक–02.08.2026 को राशि 1000 रुपे घर में बीना किसी को बताये निकल गई, जो अभी तक वापस नहीं लौटी है। आवेदक द्वारा अपने परिवार एवं रिश्तेदारों को सूचित कर पता करने का प्रयास किया, परन्तु कुछ पता नहीं चल सका। **मुमताजा गहिला का हुलिया निम्न प्रकार है :–कद–करीब 05 फीट 01 इंच, रंग–सांवला, चहरा–काला रंग का नाईटी, भाषा–बंगला।**

अतः आप सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त गुमशुदा के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो इसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के कार्यालय में निम्नांकित फोन नम्बर पर सूचित करें।

वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर	: 0657–2431006
पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर	: 9470199228
पुलिस उपाधीक्षक, पटमदा	: 9431706496
थाना प्रभारी, एण्डाजीएमए	: 9431706490

वरीय पुलिस अधीक्षक,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर

PR 387363 Police (26-27)_D

JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD
T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI -834004
Phone.: 0651-2400851/2400852/2400979/2401847, Fax-0651-2400850/138,
Web site : www.jspcb.nic.in; e-mail : ranchijspcb@gmail.com

PUBLIC NOTICE

सभी परियोजना प्रवर्तकों (Project Proponents), बिल्डरों, डेवलपर्स एवं हाउसिंग सोसाइटियों को सूचित किया जाता है कि 5,000 वर्गमीटर अथवा उससे अधिक निर्मित क्षेत्र (Built - up Area) वाले भवन एवं निर्माण परियोजनाओं को झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (JSPCB) से स्थापना हेतु सहमति (Consent to Establish – CTE) परिचालन हेतु सहमति (Consent to Operate – CTO) एवं तोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रावधानों का अनुपालन तथा थोक अपशिष्ट जनित्र (Bulk Waste Generator) के रूप में वेंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल https://swm-cpcb-gov-in/ के माध्यम से संबंधित स्थानीय निकाय (Local Body) के साथ खुद को रजिस्ट्रीकृत करना अनिवार्य है।

उपरोक्त के आलोक में सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.12.2026 तक स्थापना सहमति (CTE) / संचालन सहमति (CTO) आवेदन प्रपंद के ऑनलाईन पोर्टल https://jhkocmms.nic.in/OCMMS पर करना सूनिश्चित करें। अन्यथा नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी।

(राजीव लोचन बक्शी)
सदस्य सचिव

PR 387339 Jharkhand State Pollution Control Board(26-27)#D